# सीएमपीडीआई में कोल इंडिया अन्तर–कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट




सीएमपीडीआई स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में कोल इंडिया अंतर–कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट : 2013–14 का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री ए0के0 देबनाथ, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सीएमपीडीआई ने चैम्पियन के विजेता को पुरस्कृत किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री डी0के0 घोष, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री एस0 शरण, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री बिनोद कुमार सिन्हा, सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री राजीव रंजन मिश्र, कस्तूरी महिला सभा की उपाध्यक्षा श्रीमती शिल्पि घोष, श्रीमती मीता शरण एवं श्रीमती मंजूषा सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

सीएमपीडीआई स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में कोल इंडिया अंतर–कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट : 2013–14 के तीसरे एवं अंतिम दिन फाइनल मुकाबला सीएमपीडीआई–रांची एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–आसनसोल के बीच खेला गया। 2 राउंड के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सीएमपीडीआई–रांची ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–आसनसोल को 40–37 अंकों से हराया। सीएमपीडीआई टीम की ओर से श्री सुजीव चटर्जी, श्री सुरेन्द्र प्रसाद, श्री सम्राट दासगुप्ता, श्री कुणाल दास, एच0एस0 मिश्रा एवं श्री टी0के0 मुखर्जी ने खेला।

टूर्नामेंट के प्रोग्रेसिव एवेन्ट के मुकाबले में कोल इंडिया लिमिटेड–कोलकाता एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–आसनसोल की संयुक्त टीम में श्री बी0 मन्ना, श्री डी0 नाथ, श्री ए0 गोस्वामी एवं श्री आर0 बनर्जी पहले स्थान पर, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड–धनबाद की टीम श्री एस0के0 सिंह, श्री राज कुमार निषाद, श्री ए0 अंसारी एवं श्री डी0एन0 पांडे दूसरे स्थान पर तथा कोल इंडिया लिमिटेड–कोलकाता की टीम तीसरे स्थान पर रही। दिनांक 2002.2014 को टीम एवेन्ट के राउंड रोबिन मुकाबला देर शाम तक खेला गया जिसमें सीएमपीडीआई–रांची और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–आसनसोल की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया।

***